# मनसा सेवा - 83

**अव्यक्त बापदादा :- (19/03/2000)**

➳ _ ➳ अगर दिल साफ हो जाए तो मेहनत नहीं, दिलाराम दिल में समाया रहेगा और आप दिलाराम के दिल में समाये हुए रहेंगे। दिल में बाप समाया हुआ है। किसी भी रूप की माया, चाहे सूक्ष्म रूप हो, चाहे रॉयल रूप हो, चाहे मोटा रूप हो, किसी भी रूप से माया आ नहीं सकती। स्वप्न मात्र, संकल्प मात्र भी माया आ नहीं सकती। तो मेहनत मुक्त हो जायेंगे ना! बापदादा मन्सा में भी मेहनत मुक्त देखने चाहते हैं। मेहनत मुक्त ही जीवनमुक्त का अनुभव कर सकते हैं। होली मनाना माना मेहनत मुक्त, जीवनमुक्त अनुभूति में रहना।

➳ _ ➳ अब बापदादा मन्सा शक्ति द्वारा सेवा को शक्तिशाली बनाने चाहते हैं। वाणी द्वारा सेवा चलती रही है, चलती रहेगी, लेकिन इसमें समय लगता है। समय कम है, सेवा अभी भी बहुत है। रिजल्ट आप सबने सुनाई। अभी तक 108 की माला भी निकाल नहीं सकते। 16 हजार, 9 लाख - यह तो बहुत दूर हो गये। इसके लिए फास्ट विधि चाहिए। पहले अपनी मन्सा को श्रेष्ठ, स्वच्छ बनाओ, एक सेकण्ड भी व्यर्थ नहीं जाये। अभी तक मैजारिटी के वेस्ट संकल्प की परसेन्टेज़ रही हुई है। अशुद्ध नहीं लेकिन वेस्ट हैं इसलिए मन्सा सेवा फास्ट गति से नहीं हो सकती। अभी होली मनाना अर्थात् मन्सा को व्यर्थ से भी होली बनाना।

---

➢➢ माया के रूप

➳ _ ➳ सूक्ष्म रूप, मोटा रूप, रायल रूप

➳ _ ➳ मोटा रूप

→ जो दिखाई देते है

- काम
- क्रोध
- लोभ
- मोह
- अंहकार

➳ _ ➳ सूक्ष्म रूप

→ काम का सूक्ष्म रूप

- अतिरिक्त लव

→ क्रोध का सूक्ष्म रूप

- शापित करना
- किनारा करना
- सर्टिफ़िकेट देना
- घृणा करना

→ लोभ का सूक्ष्म रूप

- आवश्यकता

→ मोह का सूक्ष्म रूप

- ज्यादा झुकाव
- अच्छा लगता है
- आकर्षित होना

→ अंहकार का सूक्ष्म रूप

- मेरी नेचर
- मेरी विशेषता
- मेरी दिल करती है

---

➢➢ माया का रायल रूप

➽ _ ➽ **what's up - सबसे रायल रूप रायल माया है**

→ energy drainer n time waste करने वाला है

➽ _ ➽ 1. STATUS

→ हर दिन बदलते है नया नया डालते है status

→ status अर्थात position

→ वहां कुछ डालने से या बदलने से imp है आत्मा के status की बात वहां के status की बात नही है

- आत्मा किस position में है आत्मा की situation क्या है?

→ **status अर्थात आत्मा की स्थिति, पद या सतयुग का पद**

→ अलग अलग status होते है चेंज करते रहते वो भी एनर्जी को खींचता है

- वो किसलिए लिखा जा रहा है
- दूसरो को बताया जा रहा है अपने बारे मे

→ **हमे जो अच्छा लगता है उसको दिल मे समा लो**

- डालने की आवश्यकता नही है

➽ _ ➽ 2. PROFILE PICTURE

→ आज इस के साथ कल बाबा के साथ कल उसके साथ

→ आज उस जगह कल इस जगह

- किसको दिखाने के लिए

■ उसमे भी कितनी एनर्जी जाती है

→ ये ठीक नही आज ये बार बार चेंज करते रहना

■ किसलिए पिचर बदलना है
■ आत्मा का, आत्मा में देखो कौन सा पिचर चल रहा है

→ दूसरो को तो दिखाने की जरूरत ही नही है

■ **अध्यात्म अंतर्मुखता का मार्ग है**

➾ _ ➾ 3. LAST seen Online

→ **न अपना देखना है न दूसरो का देखना**

→ परचिंतन परदर्शन बाह्यमुखता समाया हुआ है उसमें

■ क्योंकि दूसरा क्या कर रहा है और स्व से पर मे जा रहे है

➾ _ ➾ 4. Double Tick

→ इधर से तो भेजा पर double tick नही हुआ

→ क्यूं नही हुआ बैचेनी क्यूं नही देखा अभी तक नही देखा

■ अनुमान लगाते है क्या कर रहा होगा देख लिया पर जवाब नही दिया

■ मेरे साथ ही है या बाकि के साथ भी

■ क्या कोई गलती हुई गुस्से मे तो नही

→ फिर expectation होती है प्रश्न भेजा अभी तक जवाब नही दिया तो दुख

➾ _ ➾ Instant msg

→ हाथो को ऐसी आदत हो गई है कि तुरंत तुरंत टाइप करके भेजना

→ इतनी जल्दी फटाफट जवाब देते है

→ **सम्बंध बिगड़ने का एक कारण ये भी है**

■ **क्योकि त्रिकालदर्शी स्थिति मे उतर नही दिया जा रहा**

■ सारे situation को सारे दिन को देखकर जवाब देना है

➾ _ ➾ 5.Media

→ पिचर भेजते रहते है

- gud morn gud ngt thought of the day

→ क्यूं टाइम वेस्ट कर रहे हो क्यूं भेज रहे हो उसके खुद धारणा स्वरूप बने हो

- खुद धारण किया तभी भेजना है

→ video - क्यूं भेज रहे हो यहां के video यहां के भाषण यहां के चमत्कार विनाश यहां ये हो रहा है वहां ये हो रहा है

- इसको भेजने से पहले इन अंगुलियों को रोको

→ **audio - कम से कम तीन बार सुनो उसका स्वरूप बनो**

- बहुत अच्छा क्लास है भेजो forward करो यहां करो वहां करो

- **इतना उतावलापन दूसरो का कल्याण करने के लिए अपना कल्याण किए बिना**

→ text - very very urgent very very imp

- जो अपना imp अपने पास ही रखो

➽ _ ➽ 6. Notification

→ light - अलग अलग लाइट

→ tone - अलग अलग टोन फिक्स कर देते

➽ _ ➽ 7. Chating

→ एक ग्रुप chat होता है उसमे अलग अलग प्रश्न भेज रहे है

- अगर कोई प्रश्न ज्ञान से सम्बंधित है तो अलग से पूछो

- सबको डिस्टर्ब नही करना

→ chating से विकार की उत्पति हो सकती है familiarity होती है

→ **संकल्प text मे आ रहा है फिर बोल मे फिर कर्म मे रूपांतरित होगा**

➽ _ ➽ 8. Block contacts

→ इतना भेज रहे है कि उसने block कर दिया दूसरा डिस्टर्ब हो रहा है हमारी वजह से

- क्यूं भेज रहे है किसलिए भेज रहे है जो भेज रहे है वो पढ भी रहे है

→ एक एक संकल्प मे कितनी शक्ति होती है उस सकल्प पर चिंतन करने के लिए

→ न की forward करने के लिए 11 बजे भेज रहे है तीन बजे भेज रहे है

- ये सूक्ष्म मे किसी को परेशान करना है

➳ _ ➳ 9. What's up n internet

→ net है slow चल रहा है तो बैचेनी नेट नही तो बैचेनी रेंज नही तो बैचेनी

- इतना depend नेट 24 घंटे चाहिए पर क्यूं

→ <u>**इसका उपयोग केवल ज्ञान योग और सेवा इन तीनो के लिए ही हो**</u>

- उसके अतिरिक्त कुछ और  हो रहा है और उसे सेवा कह रहे है तो ये रायल माया है

➳ _ ➳ 10. Group broadcast

→ grp मे भेजते ही रहना कुछ न कुछ

- हो सकता है तुम्हारे लिए imp हो बाकियों के लिए नही हो

- अपने urgent को दूसरो के ऊपर थोपना कहां की बुद्धिमता है

→ grp में ऐड करना निकालना निकालो तो दुखी हो जाते है

- जब instructions है कि कुछ भी नही भेजना पर फिर भी भेज रहे है क्यू भेज रहे है

→ **ये भी attention seeking है**

- वो भी माया है मै भेजूं पहले सबको मेरे द्वारा पता चले ये मेरे को सबसे पहले पता है।

➳ _ ➳ **ये सारा परचिंतन परदर्शन है**